जल शक्ति अभियान-II

drishtiias.com/hindi/printpdf/jal-shakti-abhiyan-ii

प्रिलिम्स के लिये:

जल शक्ति अभियान-II, विश्व जल दिवस

मेन्स के लिये:

भारत में जल संसाधन की स्थिति

चर्चा में क्यों?

जल शक्ति मंत्री ने सभी सांसदों से आग्रह किया है कि वे अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों और राज्यों में चल रहे "जल शक्ति अभियान: कैच द रेन" अभियान का समर्थन करें।

> इस तरह के हस्तक्षेप से ग्रामीण क्षेत्रों में जल स्रोत की स्थिरता सुनिश्चित होगी और मंत्रालय द्वारा लागू किये जा रहे जल जीवन मिशन को मज़बूती मिलेगी।

प्रमुख बिंदु:

- विश्व जल दिवस (22 मार्च 2021) के अवसर पर इसे इस अभियान की थीम- ""कैच द रेन व्हेयर इट फॉल्स, व्हेन इट फॉल्स" विषय के साथ शुरू किया गया था।
- इसमें देश के सभी ज़िलों के सभी ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों को शामिल किया गया है।
    - वर्ष 2019 के जल शक्ति अभियान- I ने देश के 256 ज़िलों के 2836 ब्लॉकों में से केवल 1592 जल संकट वाले ब्लॉकों को कवर किया है।
- जल शक्ति मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय जल मिशन, इसके कार्यान्वयन के लिये नोडल एजेंसी है।
- ग्रामीण विकास विभाग के मनरेगा
(महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोज़गार गारंटी योजना) के तहत 14,000 करोड़ रुपए का जल संरक्षण संबंधी कार्य चल रहा है।

लक्ष्य:

- अभियान का उद्देश्य मानसून की शुरुआत से पहले कृत्रिम पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण, मौजूदा तालाबों और जल निकायों को पुनर्जीवित करके नए जल निकायों का निर्माण, चेक डैम का प्रावधान, आर्द्रभूमि और नदियों का कायाकल्प करके वर्षा जल का दोहन करना है।

- देश में सभी जल निकायों को जियो टैगिंग करके और इस डेटा का उपयोग करके वैज्ञानिक एवं डेटा-आधारित जिला स्तरीय जल संरक्षण योजना बनाने के लिये एक डेटा-बेस बनाने की भी योजना है।

जल संरक्षण के लिये अन्य पहलें:

- जल जीवन मिशन:
  - जल शक्ति मंत्रालय के तहत इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण भारत के हर घर में पाइप से पानी की पहुँच सुनिश्चित करना है।
  - भारत सरकार ने प्रत्येक ग्रामीण परिवार अर्थात् 'हर घर नल से जल' (HGNSJ) को कार्यात्मक घरेलू नल कनेक्शन (FHTC) प्रदान करने के लिये राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम (NRDWP) को जल जीवन मिशन (JJM) में पुनर्गठित करने के साथ ही इसमें सम्मिलित किया है।

- **जल जीवन मिशन (शहरी):**
  बजट 2021-22 में सतत् विकास लक्ष्य- 6 (स्वच्छ पानी और स्वच्छता)) के अनुसार सभी वैधानिक कस्बों में कार्यात्मक नलों के माध्यम से सभी घरों में पानी की आपूर्ति का सार्वभौमिक कवरेज प्रदान करने हेतु आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय के तहत जल जीवन मिशन (शहरी) की घोषणा की गई थी।

- **राष्ट्रीय जल मिशन:**
  यह एकीकृत जल संसाधन विकास और प्रबंधन के माध्यम से पानी के संरक्षण, अपव्यय को कम करने और राज्यों के भीतर अधिक समान वितरण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू किया गया था।

- नीति आयोग का समग्र जल प्रबंधन सूचकांक:

  जल के प्रभावी उपयोग के उद्देश्य से नीति आयोग ने समग्र जल प्रबंधन सूचकांक विकसित किया है।

- **अटल भूजल योजना:**
  - यह एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जिसका मूल्य सामुदायिक भागीदारी के साथ भूजल के सतत् प्रबंधन के उद्देश्य के साथ 6,000 करोड़ रुपए है।
  - इसमें जल उपयोगकर्ता संघों के गठन, जल बजट, ग्राम-पंचायत-वार जल सुरक्षा योजनाओं की तैयारी और कार्यान्वयन आदि के माध्यम से लोगों की भागीदारी की परिकल्पना की गई है।

स्रोत-पीआईबी